प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद–सोनभद्र।

8300

पत्रांकः–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / सोनभद्र 2022–23 / दिनांकः 08.02.2023

**विषयः– राज्य स्तरीय दल द्वारा 09–13 जनवरी 2023 तक किये गये पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय,

अवगत कराना है कि राज्य स्तरीय दल द्वारा दिनांक 09–13 जनवरी 2023 के मध्य जनपद सोनभद्र की चिकित्सा इकाईयों का सहयोगात्मक पवर्यवेक्षण किया गया। राज्य स्तरीय दल द्वारा जनपद की चिकित्सा इकाईयों का स्थलीय पर्यवेक्षण के दौरान प्रकाश में आये बिन्दुओं के आधार भ्रमण आख्या प्रस्तुत की गयी है जो कि पत्र के साथ संलग्न कर सुधारात्मक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

आपसे अनुरोध है कि सम्बन्धित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए अनुपालन आख्या 15 कार्यदिवसों में अद्योहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नकः–पर्यवेक्षण आख्या**

भवदीया

Aparna-U

(अपर्णा उपाध्याय)
मिशन निदेशक

पत्रांकः–एस.पी.एम.यू. / एन.एच.एम. / सहयोगात्मकपर्यवेक्षण / सोनभद्र 2022–23 / तद्दिनांक

**प्रतिलिपिः** निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित–

1. जिलाधिकारी, जनपद सोनभद्र, उ0प्र0।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चि0स्वा0 एवं प0क0, मिर्जापुर मण्डल को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे भ्रमण किये गये चिकित्सा स्वास्थ्य इकाईयों के भ्रमण आख्यानुसार आगामी 15 कार्यदिवसों में अनुपालन सुनिश्चित कराये।
3. समस्त महाप्रबन्धक / अनुभागाध्यक्ष, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, मिर्जापुर मण्डल को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक सोनभद्र को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**(डा0 लक्ष्मण सिंह)**
मण्डलीय नोडल–मिर्जापुर

Scanned with OKEN Scanner

भ्रमण आख्या जनपद–सोनभद्र
दिनांक–09–13 जनवरी, 2023

**भ्रमण दल के सदस्य –**

- डा0लक्ष्मणसिंह–महाप्रबन्धक,एन0पी0
  (मण्डलीय नोडल, अधिकारी सहयोगात्मक पर्यवेक्षण)
- श्री मनीष कुमार सोनी – कन्सल्टेंट,परिवार नियोजन
- श्री सत्यप्रकाश –कार्यकम समन्वयक, आर0आई0

मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में उपरोक्त टीम द्वारा दिनांक 09–13 जनवरी 2023 के मध्य जनपद सोनभद्र का भ्रमण कर एल–3, एल–2 व एल–1 स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों, हेल्थ वेलनेस सेन्टर उप स्वास्थ्य केन्द्र तथा छाया वी0एच0एन0डी0का अवलोकन किया गया।
उक्त भ्रमण के दौरान भ्रमण किये गये स्वास्थ्य इकाईयों पर निम्न कामन अवलोकन बिन्दु उद्घृत हुये:–

- हाई–रिस्क प्रेगनेंसी चिन्हित नहीं की जा रही थीं एवं आयरन सुक्रोज की विस्तृत सूचना उपलब्ध नही थी।
- भ्रमण किये गये स्वास्थ्य इकाईयों के प्रसव कक्ष के टेबल व फुट स्टेप पर जंग लगा था।
- चिकित्सालय के डस्ट बिन में अलग–अलग रंग की पॉलीथिन (Colour Coded Bins) नही थी।
- जे0एस0एस0के0 के अन्तर्गत लाभार्थियों को दिए जाने वाले भोजन का समुचित आई0ई0सी0 प्रदर्शित नही था।
- चिकित्सालय परिसर में जगह जगह Fire extinguisher लगा हुआ था परन्तु इमरजेन्सी की स्थिति में चिकित्सालय परिसर में तैनात अधिकतर कर्मियों को इसके प्रयोग की जानकारी नही थी।
- एक्स–रे की सुविधा उपलब्ध है, परन्तु टेक्नीशियन के पास टी0एल0डी0 बैच एवं लेड एप्रेन नही है।
- एफ0पी0एल0एम0आई0एस0 का प्रयोग नही किया जा रहा है
- भ्रमण किये गये स्वास्थ्य इकाईयों पर कन्डोम बाक्स नही लगाया गया है।
- परिवार नियोजन से सम्बन्धित कुछ योजनाओं – एफ0पी0 आई0एस0, पी0सी0पी0 एन0 डी0 टी0 आदि जनमानस हित से जुडें कार्यकम की सूचना प्रदर्शित नहीं थी।

**इकाईवार विस्तृत भ्रमण रिपोर्ट निम्नानुसार है :–**
**1–सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बभनी:–**

- सिटीजन चार्टर मौजूद नहीं था।
- आई० ई०सी० की कमी पाई गयी।
- परिसर में साफ सफाई नहीं थी। शौचालय गन्दे थे।
- स्वास्थ्य केन्द्र पर BAM/BCPM का पद रिक्त है एवं अर्श परामर्शदाता अनुपस्थित थी।
- लेप्रोसी में 8 मरीजों का उपचार चल रहा है। 02 नये मरीज चिन्हित किये गयें।
- ई0डी0ली0 में कुल 180 के सापेक्ष 92 दवाईयां उपलब्ध थी।
- ओ0पी0डी0 कक्ष में रखा एक्स–रे स्कीन प्लेट टूटा एवं लटका था।
- इमरजेन्सी में आक्सीजन कन्सट्रक्टर खराब था। ड्रिप स्टैन्ड में जंग लगा था। सभी उपकरण अस्त व्यस्त पाये गये।
- डाइट की रिपोर्टिंग नहीं की जा रही थी
- एक्स रे मशीन उपलब्ध है परन्तु इन्सटॉल नही है।
- प्रसव कक्ष का मुख्य द्वार का दरवाजा टूटा था। जिससे दरवाजा खोलने व बंद करने मे समस्या आती पार्टोग्राफ सही तरीके से नही भरा जा रहा था। ई0डी0एल0 था परन्तु दवाओं की अद्यतन स्थिति प्रदर्शित नही थी।
- बेड पर चादर नही थे। बाथरूम की शीट टूटी हुई थी एवं काफी गंदी थी।
- टीम द्वारा लैब में निरीक्षण के दौरान पाया गया कि चिकित्सा ईकाई पर 08 एनालाइजर हैं लेकिन टेक्नीशियन को क़िसी भी एनालाइजर को चलाने की जानकारी नही थी। लैब टेक्नीशियन द्वारा बताया गया कि इस पर मेरा प्रशिक्षण नही कराया गया है।
- 05 एनालाइजर का रख–रखाव ऐसी अवस्था में था कि वे कभी भी खराब हो सकते है।
- विगत माह में डायबिटिक मशीन इन्सटॉल है परन्तु कार्य नही कर रही है।

Scanned with OKEN Scanner

- टी0बी0 की कुल 03 जांचे हुई है 02 डाइग्नोसिस में है एवं एक फालोअप मरीज था।
- माह दिसम्बर, 2022 में कुल 52 स्पुटम टेस्ट हुए है जिस पर 13 नये मरीज चिन्हित हुए है। 17 फालोअप केस है एवं 01 पुराना केस है।
- डी0एम0एल0टी0 द्वारा बताया गया कि टी0बी0 मरीजों के पोषण का भुगतान सितम्बर, माह तक हुआ है।
- कोल्ड चेन रूम व्यवस्थित था परन्तु स्टेबलाइजर व्यवस्थित नही थे।
- लाग बुक में तापमान की इन्ट्री ठीक से नही की जा रही थी।
- कोल्ड चेन हैन्डलर का अभिमुखीकरण नही किया गया है।
- दिनांक 09.01.2023 को आयोजित 11 सत्रों में मात्र 09 सत्रों से टैली शीट वापस आई थी।
- जांच उपकरणों व रखे साजो सामान पर धूल जमी हुई पाई गई।
- कक्ष में उपस्थित टेक्निशियनों द्वारा पी0पी0ई0 का प्रयोग नहीं किया जा रहा था।
- जांच उपकरण– माइक्रोस्कोप आदि कार्य कर रहे थे।
- पार्टोग्राफ भी व्यवस्थित रूप से नहीं भरा पाया गया, न ही उसको ठीक प्रकार से रखा जा रहा था।
- 102 एम्बुलेन्स द्वारा दी जा रही सेवाओं का सत्यापन चिकित्साइकाई द्वारा नही की जा रही है। अथार्त एम्बुलेन्स द्वारा दी गयी Drop OUT एवं Drop in के लाभार्थियों का सत्यापन चिकित्साईकाईयों के सक्षम अधिकारियों से सत्यापित नही कराया जा रहा है।

नोट– सी0एच0सी0 पर आशाओं की क्लस्टर बैठक चल रही थी जिसमे भ्रमण दल द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं भ्रमण दल द्वारा आशाओं को परिवार नियोजन, बाल स्वास्थ्य, मातृ स्वास्थ्य एवं आर0आई विषयों पर संक्षिप्त उन्मुखीकरण किया गया।

**2–सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र म्योरपुर (एफ0आर0यू0):–**

- सिटीजन चार्टर मौजूद नहीं था।
- आई० ई०सी० की कमी पाई गयी।
- परिसर में साफ सफाई नहीं थी। पीने के पानी का समुचित प्रबन्धन नही था।
- बायोमडिकल वेस्ट का समुचित प्रबन्धन नही हो रहा था। गाड़ी सप्ताह में एक बार आ रही है।
- सी0एच0सी0 एफ0आर0यू0 है, परन्तु स्त्री रोग विशेषज्ञ, एनास्थेटिक/बाल रोग विशेषज्ञ की उपलब्धता नही है तथा ब्लड स्टोरेज यूनिट भी नही है।
- विगत 01 वर्ष में कोई भी सिजेरियन प्रसव नही हुआ है। किसी भी प्रकार से चिकित्सा ईकाई एफ0आर0यू0 कियाशील प्रतीत नही होती है।
- इंजेक्शन मैग्नीशीयम सल्फेट/सिरप नेबरापिन विगत 04 माह से उपलब्ध नही है।
- अल्ट्रासाउन्ड की सुविधा नही है।
- एच0एम0आई0एस0 डाटा रिर्पोटिंग में भिन्नता पायी गई।
- पार्टोग्राफ सही तरीके से नही भरा जा रहा था। ई0डी0एल0 था परन्तु दवाओं की अद्यतन स्थिति प्रर्दशित नही थी।
- बेड पर चादर नही थे। बाथरूम की शीट टूटी हुई थी एवं काफी गंदी थी।
- टी0बी0 की कुल 03 जांचे हुई है 02 डाइग्नोसिस में है एवं फालोअप था।
- माह दिसम्बर, 2022 में कुल 52 स्पुटम टेस्ट हुए है जिस पर 13 नये मरीज चिन्हित हुए है। 17 फालोअप केस है एवं 01 पुराना केस है।
- डी0एम0एल0टी0 द्वारा बताया गया कि टी0बी0 मरीजों के पोषण का भुगतान सितम्बर, माह तक हुआ है।
- 102 एम्बुलेन्स द्वारा दी जा रही सेवाओं का सत्यापन चिकित्साइकाई द्वारा नही की जा रही है। अथार्त एम्बुलेन्स द्वारा दी गयी Drop OUT एवं Drop in के लाभार्थियों का सत्यापन चिकित्साईकाईयों के सक्षम अधिकारियों से सत्यापित नही कराया जा रहा है।

Scanned with OKEN Scanner

3—सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोरावरः—

- सिटीजन चार्टर मौजूद नही था।
- आई० ई०सी० की कमी पाई गयी।
- परिसर में रखे फायर एक्सब्यूसर गैस उपलब्ध नही है नही किसी को चलाने की जानकारी थी।
- जनरल वार्ड में रखी सक्सन मशीन खराब थी।
- बायोमडिकल वेस्ट का प्रबंधन सही तरीके से नही किया जा रहा है एवं बायोमेडिकल वेस्ट की गाडी सप्ताह में 01 बार ही आ रही है।
- अर्श परामर्शदाता है परन्तु उसके द्वारा परामर्श नही दिया जाता जबकि परामर्शदाता प्रशिक्षित है।
- यह ईकाई एफ0आर0यू0 है स्त्री रोग विशेषज्ञ हैं परन्तु 06 माह से अवकाश पर है।
- ब्लड स्टोरेज यूनिट नही है।
- एन0बी0एस0यू0 में 02 रेडियन्ट वार्मर 02 फोटोथिरैपी मशीन एवं 01 आक्सीजन कन्सन्ट्रेटर है एवं 01 स्टाफ नर्स की तैनाती है।
- एन0बी0एस0यू0 में स्टाफ नर्स की तैनाती हुई है प्रशिक्षण भी हुआ है।
- 102 एम्बुलेन्स द्वारा दी जा रही सेवाओं का सत्यापन चिकित्साइकाई द्वारा नही की जा रही है। अथार्त एम्बुलेन्स द्वारा दी गयी क्तवच ञ्ज एवं क्तवच पद के लाभार्थियों का सत्यापन चिकित्साईकाईयों के सक्षम अधिकारियों से सत्यापित नही कराया जा रहा है।
- एन0बी0एस0यू0 के लिए जगह चिन्हित है परन्तु क्रियाशील नही है।
- अन्तरापी0पी0आई0यू0सी0डी0 / आई0यू0सी0डी0 का प्रीन्टेड रजिस्ट्रर है।
- एक्स रे मशीन है, 100 एम0एम0 का प्लेट प्रयोग किया जाता है। परन्तु 02 माह से उपलब्ध न होने के कारण एक्स–रे नही हो रहा है।
- बायोकमेस्ट्री एनालाइजर उपलब्ध है व उसके द्वारा जाँच की जाती है।
- हीमोलाजी की सारी जाँच किट द्वारा की जाती है। लैब में इन्क्यूबेटर विगत माह से उपलब्ध कराया गया है परन्तु प्लेट आदि उपकरण नही होने के कारण इसका उपयोग नही किया जा रहा है।
- लेप्रोसी में अप्रैल से सितम्बर 2022 तक एम0बी0ए0 के 31 व पी0बी0ए0 के कुल 11 मरीज हैं। विकलांग 01 एवं रिस्ट्रक्टेड 01 मरीज है।
- टी0बी0 के कुल 392 मरीज स्पुटम जांच में विष्लेशित किये गये। जिसमें नये 62 एवं 23 धनात्मक पाये गये।

4—प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शाहगंजः—

- एक ही परिसर में नवनिर्मित सी0एच0सी0 / पी0एच0सी0 / हेल्थ वेलनेस केन्द्र एवं उपकेन्द्र का संचालन किया जा रहा है।
- प्रसव कक्ष— स्वास्थ्य केन्द्र पर प्रसव की सेवाएं दी जाती हैं। प्रसव कक्ष पूरी तरह अस्त–व्यस्थ था। कोई भी उपकरण नही था नही औषधियां थी। जो भी उपकरण थे उस पर जंग लगे थे। बायोमडिकल वेस्ट का प्रबंधन नही किया जा रहा था।
- रडियन्ट वार्मर है परन्तु क्रियाशील नही है।
- कन्डोम बाक्स नही है।
- छाया एवं माला एन रजिस्टर अनुउपलब्ध है। फार्मासिस्ट का पद 01 साल से रिक्त है। आई0ई0सी0 प्रदर्शित नही है। जाँच परीक्षण केवल एच0आर0पी0 दिवस पर किया जाता है।
- टी0बी0 के कुल अप्रैल से दिसम्बर तक 49 मरीज है।
- लेप्रोसी में पी0वी0 के 05 एवं ए0वी0 के 01 केस थें ।

Scanned with OKEN Scanner

सु्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ककराही:–

- ज्य स्तरीय टीम द्वारा रात्रि 10.30 बजे आकस्मिक भ्रमण किया गया एवं प्रसव कक्ष में प्रसव उपरान्त समस्त उपकरण गंदी अवस्था में पाये गये। प्रसव कक्ष में रखी फ्रिज का अवलोकन किया गया व पाया गया कि फ्रिज में 15 सितम्बर, 2022 की प्रातः 10.30 की खुली बी0सी0जी0 की वैक्सीन पायी गई जिसमें 02 डोज वैक्सीन अवशेष थी। तत्काल प्रभाव से चिकित्साधिकरी को सूचित कर वैक्सीन राज्य स्तरीय टीम द्वारा ले ली गई। जांच उपरान्त पाया गया कि स्टाफ नर्स द्वारा न तो प्रसव रजिस्टर अद्यतन किया जा रहा है न नवजात शिशुओं को बर्थ डोज ही ससमय दिया जा रहा है।
- **सुधारात्मक कार्यवाही** प्रसव कक्ष में प्रसव उपरान्त स्वच्छता रखी जाए एवं नवजात शिशुओं को बर्थ डोज मानकानुसार प्रदान की जाए। बी0सी0जी0 वैक्सीन 04 घन्टे के उपरान्त डिस्कार्ड कर दी जाए।
- प्रसव से संबंधित समस्त रजिस्टर ससमय पूर्ण कर लिए जाए।

**6–शहरी स्वास्थ्य केन्द्रः–**

- शहरी स्वास्थ्य केन्द्र पर 01 स्टाफ नर्स 01 फार्मास्टि 01 मेडिकल आफिसर पदस्थ है। ई0डी0एल0 में 80 औषधियां उपलब्ध है।
- आशाओं का 16 में से 14 का चयन हुआ है तथा कुल 05 ए0एन0एम0 हैं।
- कुल 16 महिला आरोग्य समिति में से 14 महिला आरोग्य समिति का गठन हुआ है।
- औसतन ओ0पी0डी0 120 है। महिला आरोग्य समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित होती है।
- प्रत्येक माह आउटरीच कैम्प का आयोजन किया जाता है।

**7–जिला संयुक्त चिकित्सालय सोनभद्र–**

- परिसर मे साफ–सफाई की समुचित व्यवस्था नही थी।
- लाभार्थियों को डाइट प्रदान किया जा रहा था। डाइट रजिस्टर उपलब्ध था परन्तु अद्युनान्त नहीं था।

**एस0एन0सी0यू0**–एस0एन0सी0यू0 वार्ड में बाल विशेषज्ञ 02, स्टाफ नर्स 04, स्वीपर 03 आया 03 एवं गार्ड 03 पदस्थ है।

- रेडियन्ट वार्मर 12, फोटोथिरैपी मशीन 12 आक्सीजन कन्सेन्ट्रेटर 02 तथा सभी आवश्यक मेडिसिन उपलब्ध है।
- चिकित्सक द्वारा बताया गया कि 06 मानिटर हैं व 12 की आवश्यकता है।
- एस0एन0सी0यू0 में कुल 05 बच्चे एडमिट थे 04 आउट वार्न 01 इनवार्नसक्सन मशीन 02 स्माल एवं 02 लार्ज उपलब्ध थी।
- एस0एन0सी0यू0 वार्ड में वाशवेसिन एवं शौचालय गंदी अवस्था में पाया गया।

**एन0आर0सी0**– कुल 07 बच्चे एडमिट थे। मेडिकल आफिसर 01, स्टाफ नर्स 02, डादटिसियन01, कुक 01, केयर टेकर 01,क्लीनर 01 पदस्थ है।

- बेड आक्यूपेन्सी रेट 73 प्रतिशत है व 82 प्रतिशत क्योर रेट है।
- माह दिसम्बर, में कुल 60 बच्चों को एडिमिट किया गया जिसमें से 46 बच्चों का वनज बढ़ा 09 बच्चों का आंशिक वनज बढ़ा 03 बच्चे रेफर किये गये एवं 04 डिफाल्टर है।
- भ्रमण के दौरान अनुराग पुत्र रघुवीर कुमार उम्र 2–1/2 वर्ष के मां से वार्ता हुई उनके द्वारा बताया गया कि, 30 दिसम्बर, को एडमिट हुआ एडमिसन के समय वनज 7.00 किलो0 था आज 8.08 प्रदैशित किया गया था। जबकि वजन करने के पश्चात 7.8 किलो0 पाया गया जो कि पूरी तरह से गलत है। पूछने पर पाया गया कि स्टाफ नर्स द्वारा वनज की गलत ईन्ट्री की गई है। साथ ही अवलोकन के दौरान यह पाया गया कि बच्चों को चार्ट के अनुसार सही डाइट भी नही दिया जा रहा है।

**आयुष विंग–** कुल 03 आयुष चिकित्सक व 01 फार्मासिस्ट, थे एवं आवश्यक दवाईया भी उपलब थी परन्तु आ0पी0डी0 रेट न्यूनतम है।

**परिवार नियोजन–**वर्ष 2022–23 में एक भी नसबन्दी की सेवा नही दी गई जबकि 01 महिला चिकित्सक तैनात है। अर्श परामर्शदाता है परन्तु उसके द्वारा परामर्श नही दिया जाता जबकि परामर्शदाता प्रशिक्षित है।

Scanned with OKEN Scanner

**सम्पूर्ण क्लीनिक**

- सम्पूर्ण क्लीनिक में माह दिसम्बर में ओ0पी0डी0 814 रही, जिसमें डाइबिटिक के 118, हाइपरटेन्सन के 278 तथा स्ट्रोक के 04 नये मरीज आये।
- स्टाफ में 01 मेडिकल आफिसर, 01 एल0टी0, 01 स्टाफ नर्स, 01 परामर्शदाता, 01 सोसल स्टाफ नर्स तथा 01 साइकेट्रिक है।

  नोट–भ्रमण के उपरान्त मुख्य चिकित्साधीक्षक को समस्त अवलोकन बिन्दुओं का फीड बैक साझा किया गया।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र–मधू पुर**

- प्रसव कक्ष कियाशील नही पाया गया।
- एल0एम0ओ0 प्रसूति अवकाश पर थी। चिकित्सा ईकाइ पर 04 मेक्किल आफिसर तैनात है।
- स्वास्थ्य ईकाई सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की तरह कियाशील नही पायी गई क्योकि विगत 20 वर्षो से कियाशील प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर स्वास्थ्य सेवाएं दी जा रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र 2022 में हैन्ड ओबर हो गई है फिर भी क्रियाशील नहीं है। प्रभारी चिकित्साधिकारी से अनुरोध किया कि सामुदायिक, स्वास्थ्य केन्द्र को पूर्णतः कियाशील किया जाए।
- सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर कुल 15 ए0एन0एम0 की तैनाती है जबकि विशेष टीकाकरण पखवाडा में 12 ए0एन0एम0 सत्र आयोजन में उपलब्ध थी 03 ए0एन0एम0 अनुपस्थित थी। 12 ए0एन0एम0 का माईकाप्लान उपलब्ध था एंव 03 ए0एन0एम0 हेतु माईक्राप्लान उपलब्ध नही थी।
- उक्त तीन ए0एन0एम0 के लिए पृथक से कोई माईक्रोप्लान नही बनाया गया।
- **–हेल्थ वेलनेस सेन्टरः–पोखरा (सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बभनी)उपकेन्द्र–पोखरा**
- हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर ब्रान्डिंग लेख नही था।
- हेल्थ वेलनेस सेन्टर की बिल्डिंग मानकानुसार नही थी।
- सी0एच0ओ0 द्वारा माह अप्रैल से दिसम्बर, 2022 तक एन0सी0डी0 के 81 मरीजों को स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान की गई।
- ई–संजीवनी पोर्टल पर सी0एच0ओ0 द्वारा मरीजों के बिमारियों से संबंधित मेडिसिन के लिए नोडल अधिकारी से न तो कोई कन्सल्टेसन उपरान्त फीडिंग की जा रही है।
- आशा द्वारा सी0बैक फार्म पूर्ण नही किया गया था उसके उपरान्त भी सी0एच0ओ0 ने फार्म जमा कर लिया।
- सी0एच0ओ0 के पास लैपटाप था परन्तु क्रियाशील नही था।
- पेसेन्ट वेटिंग एरिया मानकानुसार 20–25 मरीजो के लिए नही मात्र 4 से 5 मरीजों के रूकने के लिए थी।
- पावर बैक अप 24 घन्टे व 07 दिवस के अनुसार नही था।
- महिला एवं पुरूष हेतु पृथक शौचालय नही था।
- हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर सभी जाँचें नही की जा रही थी।
- सी0एच0ओ0 द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि हेतु प्रयास नही किये जा रहे थे।

**9–विशेष टीकाकरण पखवाडा सत्र स्थलः–पच्चू का घर**
**उपकेन्द्र–पोखरा ग्राम–बसकटा**

- सत्र स्थल पर बैनर लगा था परन्तु माक्रोप्लान उपलब्ध नही थी।
- आशा द्वारा विशेष टीकाकरण पखवाडा हेतु हेडकाउन्ट सर्वे नही किया गया था न तो ए0एन0एम0 द्वारा टीकाकरण उपरान्त ई–कवच पर इन्ट्री की जा रही थी।
- सत्र स्थल पर अद्यतन ड्यू लिस्ट उपलब्ध नही थी।
- ड्यू लिस्ट में 09 बच्चे थे परन्तु आशा द्वारा 05 वर्ष तक के 15 अतिरिक्त बच्चों को सम्मिलित किया गया था।
- विटामिन "ए" सम्पूरण कार्यकम के अर्न्तगत बच्चों की ड्यू लिस्ट उपलब्ध नही थी।

**10–हेल्थ वेलनेस सेन्टरः–कनेटी (सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोरावर)उपकेन्द्र–कनेटी** सी0एच0ओ0–अर्चना सिंह

- हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर ब्रान्डिंग लेख था।
- हेल्थ वेलनेस सेन्टर की बिल्डिंग मानकानुसार थी।
- सी0एच0ओ0 द्वारा माह अप्रैल से दिसम्बर, 2022 तक 1223 मरीजों को स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान की गई।
- ई–संजीवनी पोर्टल पर सी0एच0ओ0 द्वारा मरीजों के बिमारियों से संबंधित मेडिसिन के लिए नोडल अधिकारी से कन्सल्टेसन उपरान्त फीडिंग की जा रही है।

Scanned with OKEN Scanner

11–विशेष टीकाकरण पखवाडा सत्र स्थलः–प्राथमिक विद्यालय

उपकेन्द्र–बरवाटोला ग्राम–बिहियारी

- सत्र स्थल पर बैनर लगा था परन्तु माक्रोप्लान उपलब्ध थी।
- आशा द्वारा विशेष टीकाकरण पखवाडा हेतु हेडकाउन्ट सर्वे नही किया गया था न तो ए0एन0एम0 द्वारा टीकाकरण उपरान्त ई–कवच पर इन्ट्री की जा रही थी।
- सत्र स्थल पर अद्यतन ड्यू लिस्ट उपलब्ध नही थी।
- एम0आर0 के बच्चों की गणना आशा एवं ए0एन0एम0 द्वारा ठीक से नही की गई थी। दोनो के ड्यू लिस्ट में अन्तर था।
- विटामिन "ए" सम्पूरण कार्यक्रम के अर्न्तगत बच्चों की ड्यू लिस्ट उपलब्ध नही थी।
- आशा द्वारा बताया गया कि विटामिन "ए" के लिए 09 माह से 05 वर्ष तक के कुल 35 बच्चे है।
- सत्र स्थल पर पैरासिटामाल सिरप उपलब्ध नही है।

12–विशेष टीकाकरण पखवाडा सत्र स्थलः–प्राथमिक विद्यालय

उपकेन्द्र–कनेटी ग्राम–दीवा

- सत्र स्थल पर बैनर लगा था परन्तु माक्रोप्लान उपलब्ध थी।
- आशा द्वारा विशेष टीकाकरण पखवाडा हेतु हेडकाउन्ट सर्वे नही किया गया था न तो ए0एन0एम0 द्वारा टीकाकरण उपरान्त ई–कवच पर इन्ट्री की जा रही थी।
- सत्र स्थल पर अद्यतन ड्यू लिस्ट उपलब्ध नही थी।
- ड्यू लिस्ट में 11 बच्चों को सम्मिलित किया गया था।
- विटामिन "ए" सम्पूरण कार्यक्रम के अर्न्तगत बच्चों की ड्यू लिस्ट उपलब्ध नही थी।
- आशा द्वारा बताया गया कि विटामिन "ए" के लिए 09 माह से 05 वर्ष तक के कुल 33बच्चे है।
- सत्र स्थल पर पैरासिटामाल सिरप उपलब्ध नही है।

13–हेल्थ वेलनेस सेन्टरः–खर्वी (सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र घोरावर)उपकेन्द्र–कनेटी सी0एच0ओ0–आरती

- हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर ब्रान्डिंग लेख था।
- हेल्थ वेलनेस सेन्टर की बिल्डिंग मानकानुसार थी।
- सी0एच0ओ0 द्वारा माह अप्रैल से दिसम्बर, 2022 तक 880 मरीजों को स्वास्थ्य सुविधायें प्रदान की गई।
- ई–संजीवनी पोर्टल पर सी0एच0ओ0 द्वारा मरीजों के बिमारियों से संबंधित मेडिसिन के लिए नोडल अधिकारी से कन्सल्टेसन उपरान्त फीडिंग की जा रही है।
- आशा द्वारा सी0बैक फार्म पूर्ण नही किया गया था उसके उपरान्त भी सी0एच0ओ0 ने फार्म जमा कर लिया।
- सी0एच0ओ0 के पास लैपटाप था परन्तु क्रियाशील नही था।
- पेसेन्ट वेटिंग एरिया मानकानुसार 20–25 मरीजो के लिए नही मात्र 4 से 5 मरीजों के रूकने के लिए थी।
- पावर बैक अप 24 घन्टे व 07 दिवस के अनुसार नही था।
- महिला एवं पुरूष हेतु पृथक शौचालय नही था।
- हेल्थ वेलनेस सेन्टर पर सभी जाँचें नही की जा रही थी।
- सी0एच0ओ0 द्वारा लक्ष्य के सापेक्ष उपलब्धि हेतु प्रयास किये जा रहे थे।
- सी0एच0ओ0 द्वारा लाभार्थियों को योग का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा था।

नोट– भ्रमण किये गये समस्त चिकित्सा इकाई पर भ्रमण के उपरान्त चिकित्सा इकाई की टीम के साथ जिसमे मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, चीफ फार्मासिस्ट, बी0सी0पी0एम0, बी0पी0एम0 एवं बी0ए0एम0 के साथ बैठक की गयी एवं आगामी तीन माह की कार्ययोजना एवं कार्यक्रमों पर चर्चा की गयी। डाटा वैलिडेशन समिति के सदस्यों के साथ बैठक की गयी व एच0एम0आई0एस0 पोर्टल के सभी सुचकांको पर हैन्ड होल्डिंग की गयी एवं भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न करने के निर्देश दिये गये साथ ही साथ इनको सुधारने के निर्देश भी दिये गये।

Scanned with OKEN Scanner

दिनांक 12.01.2023 को मुख्य चिकित्सा अधिकारी, कार्यालय सोनभद्र में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें जनपद स्तरीय अधिकारियों, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, ब्लाक चिकित्साधिकारी, डब्ल्यू0एच0ओ0 यूनिसेफ, यू0एन0डी0पी0, यू0पी0टी0एस0यू0 एवं जपाइगो के प्रतिनिधि द्वारा प्रतिभाग किया गया। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान पायी गयी कमियों के विषय में विस्तृत रूप से चर्चा की गयी तथा सुधारात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में चर्चा के मुख्य बिन्दु निम्नवत हैं–

- ब्लाकवार वित्तीय समीक्षा एवं प्रमुख कार्यक्रमों का अभिमुखीकरण।
- आशा का समस्त भुगतान दिनांक 15.01.2023 तक अवश्य कर दिया जाये।
- जे0एस0वाई0 के लाभार्थियों का भुगतान दिनांक 15.01.2023 तक अवश्य कर दिया जाये।
- परिवार नियोजन के लाभार्थियों का भुगतान दिनांक 15.01.2023 तक अवश्य कर दिया जाये।
- एन0एच0एम0 के संविदा मानव संसाधन के मानदेय का ससमय भुगतान सुनिश्चित की जाए।
- टी0बी0 के टी0बी0 मरीजों के पोषण का भुगतान ससमय अवश्य कर दिया जाये।
- वैक्सीनेसन पश्चात ई–कवच पर बच्चों के वैक्सीनेसन की इन्ट्री सुनिश्चित कराया जाए।
- जनपद के समस्त ब्लाक पर अर्श परामर्शदाता कार्यरत है एवं उनको फैमिली प्लानिंग काउन्सलिंग में प्रशिक्षिण भी दिया गया है, परन्तु भ्रमणशील ईकाई पर कार्यरत अर्श परामर्शदाता द्वारा एफ0पी0 की काउन्सिंलिग नही की जा रही है अतः अर्श परामर्शदाता द्वारा एफ0पी0 की काउन्सिंलिग सुनिश्चित कराया जाए।
- नसबन्दी के इच्छुक दम्पत्तियों का आशा द्वारा प्री रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित कराया जाए।
- सभी चिकित्सा ईकाई पर फैमिली प्लानिंग काउन्सलिंग के बास्केट आफ च्वाइस की मुहर का उपयोग सुनिश्चित कराया जाए।
- विटामिन–ए सम्पूर्ण कार्यक्रम अभियान के अन्तर्गत किसी भी सत्र स्थल पर 09 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों की अद्यतन ड्यू लिस्ट की उपलब्धता सुनिश्चित कराया जाए।
- प्रसव कक्ष में पार्टोग्राफ सही तरीके से भरा जाना सुनिश्चित कराया जाए।

**नोट–** दिनांक, 13.01.2023 को मुख्यचिकित्साधिकारी, से मुलाकात की गई एवं जनपद स्तर से की जाने वाली कुछ प्रमुख गतिविधियों हेतु अपेक्षित कार्यवाही जो निर्धारित समय में पूर्ण हो, से अवगत कराया गया जैसे–

- सभी मानव संसाधन का ब्लाक स्तर एवं उपकेन्द्र स्तर पर समानता के आधार पर नियुक्ति की जाये उदाहरण स्वरूप जनपद में कुल 324 ए0एन0एम0 है जबकि 274 उपकेन्द्र है फिर भी 08 उपकेन्द्र रिक्त है जो कि उचित नही है।
- विभिन्न प्रकार के कय की कार्यवाही जैसे परिवार नियोजन कार्यक्रम के अन्तर्गत शगुन किट एवं विभिन्न रजिस्टर जैस–परिवार नियोजन, एम0सी0पी0 कार्ड एवं ट्रैकिंग बुकलेट  कन्डोम बाक्स आदि।
- समस्त स्वास्थ्य ईकाइयों पर परिवार नियोजन कार्यक्रम के अर्न्तगत बास्केट आफ च्वाइस की मुहर सुनिश्चित किया जाना।
- विशेष टीकाकरण अभियान हेतु हेडकाउन्ट सर्वे पूर्ण कराया जाना ।
- परिवार नियोजन इन्डेमिनिटी (एफ0पी0आई0एस0) कमेटी का गठन नही हुआ है।
- जनपद के समस्त ब्लाक पर अर्श परामर्शदाता कार्यरत है एवं उनको फैमिली प्लानिंग काउन्सलिंग में प्रशिक्षण भी दिया गया है, परन्तु भ्रमणशील ईकाई पर कार्यरत अर्श परामर्शदाता द्वारा एफ0पी0 की काउन्सिंलिग नही की जा रही है।

सत्य प्रकाश
(कार्यक्रम समन्वयक, आर0आई0)

मनीष कुमार सोनी
(कन्सल्टेंट,परिवार नियोजन)

डा0 लक्ष्मण सिंह
(महाप्रबन्धक एन0पी0)

Scanned with OKEN Scanner